महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली
MAHATMA JYOTIBA PHULE ROHILKHAND UNIVERSITY, BAREILLY
NAAC A++ Accredited: ISO 9001:2015 & 14001:2015 Certified

पत्रांकः–रू0वि0/रासेयो/2026/1208–1214 दिनांकः–17.11.2026

सेवा में,

निदेशक (I.V.R.I.)/प्रबन्धक/प्राचार्य/प्राचार्या/कार्यक्रम अधिकारी,
विश्वविद्यालय परिसर एवं सम्बद्ध समस्त महाविद्यालय (रा0से0यो0),
महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली।

विषयः–राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार 2023–24 हेतु प्रस्ताव प्रेषण संबंधी।

महोदय/महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक रा0से0यो0 क्षेत्रीय निदेशालय के संलग्न पत्र संख्या स0 04–12/रा0से0यो0/क्षे.नि/लख/2026–27/12513–12584, दिनांक 14 नवम्बर 2026, का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। जिसके सम्बन्ध में अवगत कराना है कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी वर्ष 2023–24 हेतु राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार प्रदान किया जाना प्रस्तावित है। राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत प्रति वर्ष महामहिम राष्ट्रपति जी द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार निम्न तीन श्रेणी में प्रदान किये जाते हैं।

1. **विश्वविद्यालय स्तर।**
2. **रा0से0यो0 इकाई एवं उस इकाई के कार्यक्रम अधिकारी स्तर।**
3. **राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवक स्तर।**

अतः आपसे आग्रह है कि विश्वविद्यालय/महाविद्यालय की रा0से0यो0 इकाईयों के इच्छुक कार्यक्रम अधिकारी/रा0से0यो0 स्वयंसेवकों को भारत सरकार के दिशा–निर्देशें के अनुसार राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार 2023–24 हेतु प्रस्ताव उपलब्ध कराने हेतु प्रेरित करने का कष्ट करें, साथ ही तैयार किये गये प्रस्तावों को दो प्रतियों में अद्योहस्ताक्षरी को दिनांक 20.12.2026 तक आवश्यक रूप से उपलब्ध कराने का कष्ट करें। जिससे की प्राप्त प्रस्तावों को ससमय शासन को प्रेषित किया जा सके।

संलग्न–यथोक्त।

भवदीय

कार्यक्रम समन्वयक
राष्ट्रीय सेवा योजना

प्रतिलिपिः–

1. क्षेत्रीय निदेशक महोदय, रा0से0यो0 क्षेत्रीय निदेशालय केन्द्रीय भवन आठवॉ तल, हाल न0–1, सेक्टर–एच, अलीगंज लखनऊ, के संज्ञानार्थ–226024
2. विशेष कार्याधिकारी एवं राज्य सम्पर्क अधिकारी महोदया, रा0से0यो0को0, उच्च शिक्षा विभाग, कक्ष संख्या–55, बहुखण्डी भवन, तृतीय तल, सचिवालय, उ0प्र0 शासन लखनऊ, के संज्ञानार्थ–226001
3. कुलसचिव महोदय के संज्ञानार्थ।
4. **क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी महोदय, बरेली परिक्षेत्र को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**
5. निजी सचिव कुलपति को मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
6. वेबसाइट प्रभारी को वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।

17.11.26

कार्यक्रम समन्वयक
राष्ट्रीय सेवा योजना